## बाइक लूट गैंग का खुलासा : दो नाबालिग समेत छह गिरफ्तार

**चोरी के बाद पार्ट्स निकालकर कबाड़ी को बेचे थे**



**देवास।** औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत बाइक लूटने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो नाबालिगों सहित कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लूटी गई बाइक के विभिन्न पार्ट्स, चोरी की एक अन्य मोटरसाइकिल और अन्य सामान बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, 3 फरवरी 2026 की रात मांगलिया निवासी अनिल प्रजापति क्षिप्रा स्थित यात्री प्रतीक्षालय में मोबाइल से बात कर रहे थे। तभी बाइक सवार तीन युवक वहां पहुंचे और हमला कर दिया।

एक आरोपी ने पीछे से अनिल की गर्दन पकड़ ली, जबकि दूसरे ने बियर की कांच की बोतल से उनके सिर और जांघ पर वार किया। इसके बाद आरोपी बाइक की चाबी छीनकर उन्हें नाली की ओर धकेलते हुए मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर 7 जून को आरोपी आकाश पटेल उर्फ अप्पु खोटा और दो नाबालिगों को पकड़ा गया।

पूछताछ में आकाश पटेल और नाबालिगों ने बताया कि लूटी गई बाइक शहजाद कुरैशी को बेच दी गई थी। पुलिस ने शहजाद को गिरफ्तार किया। उसने स्वीकार किया कि बाइक के पार्ट्स अलग-अलग कर कबाड़ी विनोद योगी और सद्दाम गौरी को बेच दिए थे। इसके बाद पुलिस ने विनोद योगी और सद्दाम गौरी को भी गिरफ्तार कर बाइक के विभिन्न पार्ट्स बरामद किए। मामले के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में प्रआर अजय बैस, शैलेन्द्र राणा, आरक्षक अजय जाट, राबी यादव, अर्पित जायसवाल, सैनिक ज्ञानेन्द्र द्विवेदी एवं तेजसिंह मण्डलोई की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**एक और चोरी की बाइक बरामद**


जांच में सामने आया कि आरोपियों ने क्षिप्रा थाना क्षेत्र से एक अन्य मोटरसाइकिल भी चोरी की थी। पुलिस ने वह बाइक भी बरामद कर ली है। आरोपियों ने नागदा पहाड़ी क्षेत्र में केबल चोरी की कई वारदातों में शामिल होना भी स्वीकार किया है। पुलिस इन मामलों में पूछताछ कर रही है और चोरी का अन्य सामान बरामद करने का प्रयास जारी है।

## मेले में युवक को चाकू घोंपने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस का खुलासा दोस्त की हत्या का लिया बदला तानों से परेशान था**

**देवास।** देवास के चर्चित उदयनगर मेला हत्याकांड का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी गोरेलाल चौहान को सेंधवा क्षेत्र से महाराष्ट्र भागने की फिराक में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने करीबी दोस्त की मौत का बदला लेने के लिए मेले के दौरान संजय कन्नौजे की चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

हत्या की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने के बाद इमलीपुरा निवासी आरोपी गोरेलाल पुलिस से बचने के लिए फरार हो गया था। वह महाराष्ट्र जाकर छिपने और वहां मजदूरी करने की योजना बना रहा था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसका लगातार पीछा किया और सेंधवा के पास धर दबोचा। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि गोरेलाल ने पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया। दरअसल, कुछ महीने पहले उदयनगर क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान नाचने की बात पर विवाद हो गया था। इसी विवाद में गोरेलाल के दोस्त सुमीत की हत्या कर दी गई थी।



**परिजन मारते थे ताने**

सुमित को उस शादी समारोह में गोरेलाल ही अपने साथ लेकर गया था। इस कारण सुमीत के परिजन अक्सर गोरेलाल को ही उसकी मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए ताने मारते थे। वहीं, सुमीत की हत्या करने वाला आरोपी संजय कन्नौजे का रिश्तेदार था और पुलिस के मुताबिक, संजय ने उस हत्यारे का मौखिक रूप से समर्थन भी किया था।

मृतक के परिजन से लगातार मिल रहे तानों और आरोपों के कारण गोरेलाल के मन में यह बात बैठ गई थी कि दोस्त की मौत का दाग उसके माथे पर लग गया है। इसे मिटाने और संजय के परिवार से बदला लेने के लिए उसनेसाजिश रची। लंबे समय तक मौके की तलाश में रहने के बाद, उसने उदयनगर मेले में संजय पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

### एक नजर में

## पीसीडब्ल्यूजे राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत



**बागली।** प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (पीसीडब्ल्यूजे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. खालिद कैस एवं राष्ट्रीय सचिव महफूज खान का रविवार को बागली आगमन पर नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव के निवास पर पत्रकारों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा पुष्प मालाओं और भगवा अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. खालिद कैस ने क्षेत्रीय पत्रकार मुकेश गुप्ता एवं सलीम मंसूरी का सम्मान करते हुए कहा कि पीसीडब्ल्यूजे एक राष्ट्रीय संगठन है और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी पत्रकारों को संगठन से जुड़कर सहयोग करना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिवंगत जिला अध्यक्ष राजेंद्र योगी के निवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की तथा श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मुट्ठीभर ईमानदार पत्रकारों की वजह से ही पत्रकारिता का अस्तित्व बना हुआ है। संगठन आगामी समय में मुंबई और भोपाल में पत्रकार सम्मेलन आयोजित करेगा तथा प्रतिवर्ष क्रांतिकारी पत्रकारों का सम्मान भी करता है। कार्यक्रम में कमल यादव, नूर मोहम्मद, राजा अजमेरा, डी.एल. चौहान, अरविंद सिंह लोधी सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुनील योगी ने भी अतिथियों का स्वागत करते हुए उनके आगमन को पत्रकारिता जगत के लिए गौरवपूर्ण बताया।

## भारत भूमि की विलक्षण धरोहर है राम कथा

**इंदौर.** रामकथा संस्कारों का सृजन कर हमारे व्यक्तित्व को आदर्श बनाकर ऊंचाई की ओर ले जाती है. रामकथा श्रवण के लिए मनोरंजन की आशा लेकर नहीं आना चाहिए. राम त्रिकाल सत्ता है. उनकी लीलाएं भी सर्वकालिक है. रामकथा भारतभूमि की विलक्षण धरोहर है जिसमें आसुरी संस्कृति के समूल विनाश और प्राणी मात्र के संपूर्ण मंगल के मंत्र भरे पड़े हैं. ये विचार हैं आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री के, जो उन्होंने रविवार को विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ की मेजबानी में चल रही श्रीराम कथा में राम राज्याभिषेक सहित विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा ने बताया कि कथा शुभारंभ के पहले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया.

## कुमारिया बनवीर में स्टॉप डेम निर्माण पूर्ण

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में जिलेभर में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं, जिससे जल संकट के समाधान एवं भू-जल स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत कुमारिया बनवीर में 15वें वित्त आयोग जनपद मद से 5 लाख रुपये की लागत से स्टॉप डेम का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। इस स्टॉप डेम के निर्माण से लगभग 56 लाख लीटर से अधिक जल का संचयन संभव होगा, जिससे आसपास के किसानों को सिंचाई एवं भू-जल पुनर्भरण का लाभ मिलेगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनजागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। विभिन्न स्थानों पर दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण संबंधी संदेश दिए जा रहे हैं।

## मल्हारी मार्तण्ड मंदिर में की भव्य महाआरती



**देवास।** मल्हारी मार्तण्ड मंदिर में समस्त मराठी भाषी समाज द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें सभी मराठी भाषी समाजजनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आरती में महिला पुरूष परम्परागत मराठी वेश भूषा में उपस्थित हुए।

नमिता शिर्के की मंडली ने आरती गायी जिसका सभी समाजजनों ने साथ दिया। पूरे प्रांगण में एक साथ आरती की थालियां लेकर समाजजन उपस्थित थे। दीपकों के प्रकाश से संधी काल में मंदिर प्रांगण में बहुत ही अद्भुत दृष्य दिख रहा था जिससे पूरा मंदिर प्रांगण आलोकित हो रहा था। आरती में राज परिवार से राजमाता श्रीमंत गायत्री राजे पवार उपस्थित रही। आयोजन युवा मंडल एवं महिला मंडल द्वारा किया गया। आरती बाद मंदिर प्रांगण येळेकोट येळकोट जय मल्हार के जयघोष से गूंज गया। श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

## लिंक रोड से अतिक्रमण हटाया



**सोनकच्छ।** नगर के अस्पताल के सामने बने लिंक रोड पर प्रशासन की नाक के नीचे अतिक्रमण हो रहा था। सीएमओ अमरदास सेनानी को लगातार इस अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त हो रही थी। सीएमओ सेनानी ने दल गठित किया। नप की राजस्व शाखा से राजेश यादव, प्रकाश तिवारी, लेखराज माली, सफाई दरोगा मुकेश गौतम, जीतेन्द्र सिंह राजपूत आदि ने सफाईकर्मियों का दल ले जाकर गुमटी की हटवाया और अज्ञात व्यक्ति द्वारा लकड़ी की बल्ली लगाकर भारी मात्रा में अतिक्रमण किया उसे हटाया गया। साथ ही बल्लियों को नप ने कब्जे में ले लिया।

## जटाशंकर-पुंजापुर का 17 किमी मार्ग बदहाल, बंद होने की कगार पर

**बागली-धावड़िया रोड पर शुरू हुआ पैचवर्क**



**बागली।** क्षेत्र की जर्जर सड़कों को लेकर लगातार उठ रही शिकायतों और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों के बाद प्रशासन हरकत में आया है। रविवार सुबह से बागली-धावड़िया प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर गड्ढों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया। मजदूर सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में डामर और गिट्टी का मिश्रण भरकर अस्थायी सुधार करने में जुटे हैं।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि वर्षों से सड़क की हालत खराब बनी हुई है। बागली से गुवाड़ी मार्ग पर भी जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं, जबकि जटाशंकर से पूजापुर तक का करीब 17 किलोमीटर लंबा मार्ग अत्यंत जर्जर होकर लगभग बंद होने की स्थिति में पहुंच गया है। बरसात शुरू होने से पहले सड़क सुधार की मांग तेज हो गई है। निजी बस संचालकों ने बताया कि खराब सड़क के कारण वाहनों को प्रतिदिन नुकसान हो रहा है। यदि स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो इस मार्ग पर बस संचालन बंद करने की नौबत आ सकती है, जिससे ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। धावड़िया ग्राम पंचायत के सरपंच तेजसिंह ओसारी ने बताया कि सड़क पर पैचवर्क का कार्य शुरू किया गया है, लेकिन यह केवल खानापूर्ति जैसा प्रतीत होता है। उनका कहना है कि बारिश शुरू होते ही यह डामर कुछ दिनों में उखड़ जाएगा। उन्होंने बताया कि लगभग 8 किलोमीटर सड़क के री-कार्पेटिंग के लिए 1.20 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सरकार से आदिवासी बहुल इलाके की सड़क समस्या के स्थायी समाधान की अपेक्षा की जा रही है। वहीं लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर संतोष मनसरे ने बताया कि सड़क मरम्मत का ठेका हो चुका है। मानसून से पहले पैचवर्क कराया जा रहा है, जिसके तहत करीब 2 किलोमीटर क्षेत्र में मरम्मत की जाएगी। रोड का स्थायी सुधार और री-कार्पेटिंग का कार्य मानसून के बाद अक्टूबर से शुरू किया जाएगा।

## सर्पदंश से युवक की मौत

**देवास।** जिले के पुंजापुरा क्षेत्र के सिंगलादे गांव में सर्पदंश से 26 वर्षीय रविन चौहान की मौत हो गई। उनके भाई रवि चौहान ने उन्हें बचाने के लिए करीब 20 किलोमीटर तक बाइक पर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान रविन ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर रविन चौहान अपने घर में अलमारी से सामान ढूंढ रहे थे। इसी दौरान अलमारी के नीचे बैठे एक सर्प ने उन्हें डस लिया। बागली अस्पताल में चिकित्सकों ने रविन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल देवास रेफर कर दिया। देवास पहुंचने तक उनकी हालत बेहद नाजुक हो चुकी थी। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान रविन चौहान ने अंतिम सांस ली।

## आईटीआई कांटाफोड़ में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**युवाओं के लिए रोजगार परक तकनीकी शिक्षा का सुनहरा अवसर**

**कांटाफोड़।** क्षेत्र के युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कांटाफोड़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन 26 मई से शुरू हो चुके हैं, जो 30 जून 2026 तक जारी रहेंगे।

राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी) से मान्यता प्राप्त यह संस्थान युवाओं को उद्योगों की वर्तमान मांग के अनुरूप आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करता है। वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में केवल शैक्षणिक डिग्री ही नहीं, बल्कि तकनीकी कौशल भी रोजगार प्राप्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। इसी उद्देश्य से संस्थान में विभिन्न रोजगारपरक ट्रेड संचालित किए जा रहे हैं। संस्थान में सोलर तकनीशियन, विद्युतकार (इलेक्ट्रिशियन), कोपा (कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट), कंप्यूटर हार्डवेयर, फीटर तथा वेल्डर जैसे प्रमुख ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन ट्रेडों की औद्योगिक एवं निजी क्षेत्र में व्यापक मांग है, जिससे प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होते हैं। आईटीआई कांटाफोड़ में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रायोगिक प्रशिक्षण, आधुनिक प्रयोग शालाओं एवं अत्याधुनिक उपकरणों की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही प्रशिक्षार्थियों को अप्रेंटिसशिप, जॉब प्लेसमेंट तथा स्वरोजगार संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है। एनसीवीटी का प्रमाणपत्र पूरे देश में मान्य होने के कारण युवाओं को विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों में रोजगार प्राप्त करने में विशेष सुविधा मिलती है। संस्थान के प्राचार्य ने जिले के युवाओं से समय रहते प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने और अपने भविष्य को नई दिशा देने की अपील की है। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी अथवा संस्थान का भ्रमण करने के इच्छुक अभ्यर्थी सीधे शासकीय आईटीआई कांटाफोड़ पहुंचकर प्राचार्य से संपर्क कर सकते हैं।

## ई-रिक्शा लूटकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**देवास ।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत सीसीटीवी कैमरों की मदद से लूट की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फरियादी से छीना गया मोबाइल फोन, 3,600 रुपए नकद, आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस सहित शत-प्रतिशत सामान बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार, शिवपुरी निवासी आनंद रघुवंशी 4-5 जून की दरमियानी रात देवास बस स्टैंड पर मौजूद थे। इसी दौरान तीन अज्ञात युवकों ने उन्हें लाल रंग के ई-रिक्शा में बैठाया और दुर्गापुरा सिया क्षेत्र में ले गए। वहां उन्होंने आनंद के साथ झूमा-झटकी कर उनके पर्स से नकदी, मोबाइल फोन और दस्तावेज छीन लिए और फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। जांच के दौरान घटना में प्रयुक्त लाल रंग के ई-रिक्शा की पहचान हुई, जो आरोपियों तक पहुंचने का मुख्य सुराग बना।

## बुजुर्गों के मार्गदर्शन से ही सफल नेतृत्व संभव : पं. सुनील कृष्ण व्यास



**देवास।** स्वर्णकार समाज महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के विश्राम दिवस पर रामायणाचार्य पंडित सुनील कृष्ण व्यास ने कहा कि बुजुर्गों के अनुभव और मार्गदर्शन से ही युवा सही दिशा में आगे बढ़ सकता है। उन्होंने रामायण के प्रसंगों के माध्यम से बताया कि जामवंत के मार्गदर्शन से ही हनुमानजी अपनी शक्ति को पहचान सके और माता सीता की खोज में सफल हुए। उन्होंने कहा कि गुरु के वचनों पर चलने से ही जीवन का कल्याण होता है। शबरी की भक्ति, सुंदरकांड की महिमा और भगवान राम के आदर्शों का उल्लेख करते हुए उन्होंने परिवार में संस्कार और धर्म के लिए रामकथा श्रवण का महत्व बताया। कथा समापन पर श्रद्धालु भावुक दिखाई दिए। आरती में पूर्व पुलिस अधिकारी अशोक मंडलोई, पूर्व महापौर रेखा वर्मा, पत्रकार अनिल सिकरवार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर कथावाचक पंडित सुनील कृष्ण व्यास का सम्मान किया गया तथा महिला मंडल ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ऋषिराज सोनी ने किया।

## पाणोत बने तीर्थ संरक्षिणी महासभा के जिला प्रभारी



**देवास।** भारत वर्षीय दिगम्बर जैन महासभा लखनऊ जो लगभग 130 वर्षों से देश-विदेश में जैन धर्मायतनो की खोज करके उनका संरक्षण संवर्धन करने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करती आ रही है। जिसका केंद्रीय कार्यालय लखनऊ में है। यह पुरातत्व सम्बंधित कार्य भी सरकार के सहयोग से सम्पादित करती है। यह जैन धर्म की भारत वर्ष में अतिप्राचीन संस्था है। हाल ही में प्रदेश स्तर पर विस्तार कार्यक्रम के तहत जिला प्रभारी की नियुक्तियां की गई जिसमें देवास जिले का प्रभार अरविंद पाणोत को सौंपा गया है। उक्त जानकारी देते हुए बताया गया कि यह नियुक्ति महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष टी के वेद इंदौर की अनुशंसा एवं प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सेठी इंदौर की सहमति से की गई। इस नियुक्ति पर प्रदेश महामंत्री कैलाश लुहाड़िया, कार्याध्यक्ष तल्लिन बड़जात्या, कोषाध्यक्ष राकेश पाटनी, पवन पाटोदी एवं ओम पाटोदी, श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदीर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोहर जैन, ज्योति तलाटी, आर सी जैन, संजय जैन भाईजी, पारस जैन, निलेश छाबडा, आदी ने बधाईयां दी।

## पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान



**भौरासा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बाबा भवॅरनाथ जी मंदिर प्रांगण एवं टंकी चौराहा परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी एवं अभियान प्रभारी व उपाध्यक्ष जयसिंह राणा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संजय जोशी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। वहीं जयसिंह राणा ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का सार्थक प्रयास है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिवनारायण हेड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया।

## टीकाकरण से न छूटे कोई भी बच्चा...

**देवास।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा दिसंबर 2026 तक मीजल्स-रूबेला उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी उद्देश्य से 19 जून तक विशेष टीकाकरण कैच-अप अभियान संचालित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करें। जिले में संचालित यह विशेष अभियान बच्चों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### एक नजर में

**सांसारिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए परमेश्वर की प्राप्ति का करना चाहिए प्रयास**

## धर्मग्रंथों के वाचन और अध्यात्म पर संतों ने दिया जोर




**देवास।** श्री दत्त उपासक मंडल द्वारा आयोजित 13वें सामूहिक श्री गुरु चरित्र वाचन सप्ताह के समापन अवसर पर आयोजित संत समागम में इंदौर, नासिक, संकेश्वर पीठ एवं देवास सहित विभिन्न स्थानों से पधारे संतों के दर्शन एवं आशीर्वचन प्राप्त कर श्रद्धालु अभिभूत हो उठे। गीता भवन में प्रातः 11 बजे से संतों का आगमन प्रारंभ हुआ और पूरे कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

समारोह में श्रद्धेय भाऊनाथ महाराज एवं अनिल महाराज (नासिक), पूज्य शंकर भारती स्वामी महाराज (संकेश्वर पीठ), परम पूज्य महामंडलेश्वर दादू महाराज (श्री शनि महाराज संस्थान, इंदौर), श्री रेणुका माता संस्थान इंदौर के प्रवीणनाथ पानसे महाराज, शेगांव के गजानन महाराज संस्थान से पूज्य बेहरे आई, पूज्य तैलंग महाराज तथा श्री राम शरणम् आश्रम देवास के इंदरसिंहजी नागर सहित अनेक संतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को दर्शन, आशीर्वाद एवं प्रेरणादायी संदेश प्रदान किए। तैलंग महाराज ने कहा कि जीवन का उद्देश्य सदैव स्पष्ट होना चाहिए तथा सांसारिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए परमेश्वर की प्राप्ति का प्रयास करना चाहिए। पूज्य बेहरे आई ने 13वें सामूहिक गुरु चरित्र वाचन के सफल आयोजन पर सभी का अभिनंदन करते हुए कहा कि 12 वर्षों में एक तप पूर्ण होता है और वाचकों ने लगातार 13 वर्षों तक वाचन कर यह तप पूर्ण किया है। इंदरसिंह नागर महाराज ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में संसार को अध्यात्म की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने परिवार, समाज, राष्ट्र और सनातन धर्म की रक्षा एवं उन्नति के लिए प्रतिदिन धर्मग्रंथों के वाचन का आग्रह किया। पूज्य भाऊनाथ महाराज ने परमेश्वर प्राप्ति के तीन प्रमुख मार्ग—ज्ञान, भक्ति और कर्म—बताते हुए कहा कि मार्ग कोई भी हो, पूर्ण समर्पण भाव आवश्यक है।